**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

। नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 28 दिसंबर 2022

DATED

पंजाब केसरी DELHI 28 दिसम्बर, 2022

# जसोला के डीडीए फ्लैटों के छज्जे टूटे तो कहीं पड़ीं दरारें

## फ्लैटों में रहने वालों को सता रहा बड़े हादसे का डर

■ राम त्रिपाठी, जसोला

**दिल्ली में** 2010 में आयोजित हुए कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद आवंटित हुए जसोला के डीडीए फ्लैटों की हालत बेहद खराब हो गई है। बिल्डिंग जर्जर हो गईं हैं और लोग जान जोखिम में डालकर यहां रहने को मजबूर हैं। करोड़ों रुपए का मेंटिनेंस चार्ज वसूलने के बावजूद डीडीए ने पिछले 12 साल में एक बार भी फ्लैटों की मेंटिनेंस का काम नहीं किया है। लोगों का आरोप है कि डीडीए अधिकारी कई सालों से अपने ऑफिस के चक्कर कटवा रहे हैं, लेकिन मेंटिनेंस के लिए बजट पास नहीं कर रहे हैं।

जसोला में हजारों की संख्या में फ्लैट हैं, जो फ्लैट 2010 से पहले आवंटित हुए थे। उन सभी से मेंटिनेंस चार्ज नहीं लिया गया था। एमआईजी, एलआईजी श्रेणी के पॉकेट-10बी (330 फ्लैट) और पॉकेट-12 (187 फ्लैट) आदि के फ्लैट मालिकों से मेंटिनेंस चार्ज लिया गया था। चार्ज की दर फ्लैट के लागत मूल्य का 15 फीसदी थी, जो औसतन 2 लाख रुपये प्रति फ्लैट है। सभी फ्लैटों को मिलाकर यह रकम 10 करोड़ रुपए से अधिक है, जो 12 साल पहले फ्लैट आवंटन के दौरान ले ली गई थी।


पॉकेट 10 बी आरडब्ल्यूए के महासचिव बी. के. पिल्लई ने बताया कि फ्लैट बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल हुआ था। इसी वजह से आवंटन के कुछ वर्षों के बाद ही फ्लैट की दीवारों के प्लास्टर झड़ने लगे। कई फ्लैटों के छज्जे टूट गए हैं। बिल्डिंगों की बीम



12 साल से नहीं हुई फ्लैटों की मेंटिनेंस

- लोगों का आरोप है कि फ्लैटों से करोड़ों रुपये का मेंटिनेंस चार्ज लेने बाद भी मरम्मत का काम नहीं होता
- 2010 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स के बाद आवंटित हुए थे फ्लैट्स

में दरारें आ गई हैं। सीढ़ियां टूटने की कगार में हैं। ऐसे में लोगों ने डीडीए के संबंधित अधिकारियों के ऑफिस में चक्कर काटने शुरू किए और अपने फ्लैटों की मरम्मत की अपील की। आरडब्ल्यू ने 2019 से पहले से डीडीए को लिखित रूप से शिकायत भेजना शुरू किया था। यह सिलसिला आज तक जारी है। प्रभावित लोगों ने क्षेत्रीय सांसद तक के पास अपनी गुहार कई बार लगाई है। लोगों ने यह भी बताया है कि बरसात में फ्लैटों में सीलन की शिकायत आना आम बात हो गई है। कई फ्लैटों के लेंटर तक



दिख रही हैं दरारें, लेंटर भी हुए कमजोर

कमजोर हो चुके हैं। किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। इसके बावजूद भी डीडीए अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हैं। डीडीए के चीफ इंजीनियर आर. के. सिंह ने एनबीटी को बताया कि मेंटिनेंस का काम शुरू होने वाला है। इस संबंध में सभी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

# रैन बसेरों में गंदगी व अन्य खामियों पर एलजी हुए सख्त

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** रैन बसेरों में मिली गंदगी व अन्य खामियों पर एलजी वीके सक्सेना ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के सीईओ के. महेश का ट्रांसफर दिया है। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग में सचिव गरिमा गुप्ता को डूसिब का प्रभार दिया गया है, महेश के खिलाफ आगे की कार्रवाई पर भी विचार किया जा रहा है। के. महेश को स्पेशल डायरेक्टर के रूप में यूनियन टेरेटरी सिविल सर्विसेज (यूटीसीएस) में भेजा गया है। एलजी दफ्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई नौकरशाही को एक स्पष्ट एवं मजबूत संदेश है कि या तो काम करो या हट जाओ। इससे पहले एलजी सक्सेना ने गत 23 दिसंबर को कश्मीरी गेट और यमुना बाजार इलाके के रैन बसेरों का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने पाया था कि इन रैन बसेरे में सिर्फ 600 बेड्स की व्यवस्था है जबकि यहां कड़ाके की ठंड में हजारों लोग फुटपाथ पर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं। इस दौरान एलजी ने शौचालयों में सुविधाओं की कमी पर भी नाराजगी जताई थी। इससे यमुना तो प्रदूषित हो ही रही है साथ ही इससे इन लोगों के लिए भी स्वास्थ्य का एक गंभीर जोखिम है। के. महेश 31 मई 2022 को डूसिब सीईओ बने थे और जून 2022 में उन्हें डीडीए की भूमि से सटे जेलोरवाला बाग में झुग्गीवासियों को पर्याप्त अस्थायी शौचालय की सुविधा प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI
WEDNESDAY, DECEMBER 28, 2022 --DATED---------------------

## LG shifts DUSIB CEO over night shelter condition

Late on Monday, LG VK Saxena transferred Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) CEO K Mahesh to the office of Union Territory Civil Services as special director. The charge of DUSIB was handed over to social welfare secretary Garima Gupta. The decision to transfer Mahesh was taken after the LG found a large number of homeless people sleeping in the open in the bitter cold. Saxena had held a surprise inspection of night shelters on December 23. P6

# 'Homeless Sleeping In Open': Saxena Transfers DUSIB CEO

## LG 'Dismayed' At Unhygienic Conditions Around Shelters

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Late on Monday, LG VK Saxena transferred Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) CEO K Mahesh to the office of Union Territory Civil Services as special director. The charge of DUSIB was handed over to social welfare secretary Garima Gupta.

The decision to transfer Mahesh was taken after the LG found a large number of homeless sleeping in the open in the bitter cold. Saxena had conducted a surprise inspection of night shelters located near Hanuman Mandir and Kashmere Gate ISBT on December 23. While he found the arrangements inside the shelters satisfactory, officials said he was dismayed at the unhygienic conditions and lack of cleanliness around them.

**AN OFFICIAL SAYS**

**The shelters have a combined capacity of only about 600 beds and thousands are forced to sleep on the pavements**

"The shelters have a combined capacity of only about 600 beds and thousands are forced to sleep on the pavements in the bitter cold," said an official.

The LG also flagged the issue of "inhumane" sanitary conditions at the night shelters. "Due to lack of toilets, the occupants and others are forced to defecate in the open, mostly on the Yamuna banks. Apart from polluting the river, this also poses a severe health hazard to the homeless. Also, there were no enclosures or facilities for people, including women, to have a bath," the official said.

Sources in DUSIB, however, said the area was largely occupied by beggars and drug addicts who preferred to remain outside to collect food, blankets and other items given by people. "Removing beggars is the responsibility of the social welfare department, while police deal with drug addicts. To build more toilets, land has to be provided by DDA and sewer lines must be laid by Delhi Jal Board. Removal of garbage and encroachment is MCD's responsibility," said a source.

Mahesh, who assumed the charge of DUSIB in May, was given the responsibility in June to provide an adequate number of temporary toilet facilities to slum dwellers at Jailorwala Bagh where a world-class nursery is being developed.

"DUSIB failed to provide such facilities, which not only caused immense hardship to slum dwellers but also delayed the project by three months. The slum dwellers are forced to defecate along the nearby railway tracks," the official said.

While Gupta will have the additional charge of secretary (women and child development) and MD of Shahjahanabad Redevelopment Corporation, she has been relieved of the charge of special commissioner (transport), which has now been given to Virendra Kumar, secretary of SC/ST/OBC and minorities department.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

THE INDIAN EXPRESS, WEDNESDAY, DECEMBER 28, 2022

# After visit to night shelter, Delhi L-G 'shunts' bureaucrat

**EXPRESS NEWS SERVICE**
NEW DELHI, DECEMBER 27

DELHI L-G V K Saxena transferred the Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) CEO on Monday evening after he found arrangements at the night shelters for the homeless near ISBT Kashmere Gate "inadequate and dirty". Saxena visited the shelters near ISBT and Hanuman Mandir on Friday evening.

"In a strong message to the bureaucracy to either perform or perish, L-G V K Saxena late yesterday night transferred the DUSIB CEO K Mahesh, shunting him to UTCS as Special Director... further action is contemplated against Mahesh," a press release by Raj Niwas said.

During the visit, Saxena had found that "all the shelters at the location had a total capacity of only about 600 beds. Thousands were forced to sleep on the pavements in cold" and that "due to severe lack of toilet facilities attached to the night shelters, the occupants and others were forced to defecate in the open, mostly on the adjacent Yamuna bank". He also flagged the lack of facilities to bathe.

Mahesh did not respond to queries on his transfer.

There are 253 buildings, tents, and porta cabins being used as night shelters at present. The combined capacity of these is 18,537. On Monday night, only around 7,000 people slept in the shelters, of which, there are 19 porta cabins and nine tents in the ISBT and Hanuman Mandir.

The area is home to several beggars as well as the homeless, who either pull rickshaws or do odd jobs during the day. Several of them sleep near the temple.

According to DUSIB sources, getting people to use the night shelters is a challenge. "Concerted efforts have been made to get people to sleep in the shelters, but many of them prefer to stay near the temple, where visitors usually distribute blankets, food and money. Some people living on the streets in the area are addicted to drugs and we also have to be cognizant of the safety of the others in shelters. We cannot move people into shelters forcibly. This is a process built on trust and takes time, which is why NGOs have been appointed to run the shelters. Even then, in some cases, it is to be accepted that some people will not move to shelters and our duty becomes to keep them and the others safe. Apart from this, there are several agencies, such as the Delhi Police, DDA, Social Welfare Department and the MCD that are responsible for dealing with the situation, alongside DUSIB," said a senior official.

Officials pointed out that the shelters are built next to the Yamuna and building toilets or more shelters in the area is not possible since they do not own the land and the National Green Tribunal has banned construction activities on the floodplains.

The L-G, meanwhile, said that action against Mahesh was warranted because he, as DUSIB CEO, had failed to set up toilets for residents of the Jailorwala Bagh slum in Ashok Vihar so that the "ambitious world-class nursery project — Vaishnavi" could start adjacent to it.

"The residents of the neighbouring slum cluster, in absence of toilets... are forced to defecate in the open on the nearby railway track or on the land, where the nursery is being developed," the press release added.

Officials, however, stated that several meetings and joint inspections had been held in December with DDA to identify land and allot it to build toilets. On December 22, DUSIB had written to DDA on the issue.

हिन्दुस्तान नई दिल्ली, बुधवार, 28 दिसंबर 2022

# फूलों के 22 लाख गमलों से सजाई जाएगी दिल्ली

## जी-20 समिट

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में अगले साल होने वाली जी-20 समिट से पहले फूलों से पूरे शहर को सजाने की योजना है। पूरी दिल्ली में कुल छोटे, मध्यम और बड़े आकार के कुल 22 लाख गमले लगाएं जाएंगे।

सड़कों के किनारे भी मौसमी फूलों के पौधे लगाने की योजना बनाई गई है। वहीं, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण को ध्यान में रखते हुए एक मई 2023 से पूरी दिल्ली में खुदाई पर पाबंदी (नो डिगिंग जोन) घोषित कर दी जाएगी। जी-20 के तहत तहत शहर को गमलों और फूलों से सजाने के लिए दिल्ली सरकार के अलावा डीडीए, एमसीडी और एनडीएमसी को जिम्मेदारी दी गई है। मार्च 2023 तक दिल्ली में कुल 12 लाख गमले लगाने का लक्ष्य दिया गया है। बाकी बचे हुए 10 लाख गमलों को अगस्त 2023 तक लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

दिल्ली सरकार, डीडीए, एमसीडी व एनडीएमसी को मार्च 2023 तक एक-एक मॉडर्न नर्सरी तैयार करने का भी निर्देश दिया गया है। इसके अलावा मेट्रो पिलर्स का सौंदर्यीकरण करने के साथ सड़कों पर जगह-जगह भारतीय संस्कृति से जुड़ी मूर्तियां लगाने का भी निर्देश दिया गया है। सभी संबंधित एजेंसियों को उनके काम सौंप दिए हैं।

**नई दिल्ली का इलाका सजाएगी एनडीएमसी** : जी 20 सम्मेलन को लेकर एनडीएमसी अपने क्षेत्र को पूरी तरह से स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की योजना पर काम कर रही है।

### एक मई से खुदाई पर लग जाएगी पाबंदी

दिल्ली सरकार के दस्तावेजों से मिली जानकारी के मुताबिक, जी-20 बैठक को देखते हुए एक मई 2023 से दिल्ली में सार्वजनिक जगहों पर खुदाई पर पाबंदी लग जाएगी। यह पूरी दिल्ली में लागू होगा। अगर किसी खास वजह या कारण से खुदाई करनी है तो उसके लिए विशेष अनुमति की जरूरत होगी।


DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

the pioneer
NEW DELHI | WEDNESDAY | DECEMBER 28, 2022

# LG transfers DUSIB CEO

STAFF REPORTER ■ NEW DELHI

Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena has transferred Delhi Urban Shelter Improvement Board (DUSIB) CEO K Mahesh, a 2009 batch IAS officer to the Union Territory Civil Services (UTSC) as Special Director and is "contemplating further action" against him for alleged dereliction of duty. Garima Gupta, Secretary (Social Welfare), has been given the charge of DUSIB.



This comes after Lt Governor's visit to night shelters run by DUSIB at ISBT and Hanuman Mandir on December 23 ( Friday) where it was found that, while all the shelters at the location had a total capacity of only about 600 beds, there were thousands who were forced to sleep on the pavements in bitter cold.

During his visit, Saxena had also flagged the issue of inhumane sanitary conditions for the occupants, as indeed for other homeless, forced to reside on streets under open sky. Due to severe lack of toilet facilities attached to the Night Shelters, the occupants and others were forced to defecate in the open, mostly on the adjacent Yamuna bank. This, apart from polluting the river, also posed severe health hazards to an already marginalized people forced to live on streets.

K. Mahesh, who has been CEO (DUSIB) since May 31, 2022 had been tasked in the month of June, 2022 with the responsibility of providing adequate temporary toilet facilities to the slum dwellers at Jailorwala Bagh, adjacent to the DDA land where the ambitious world class nursery project – Vaishnavi, is being developed as per directions of the Lt Governor, immediately after he took over.

---------------------------------DATED

पंजाब केसरी 28 दिसम्बर, 2022
DELHI

# रैन बसेरों में गंदगी व अन्य खामियों पर एलजी हुए सख्त

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रैन बसेरों में मिली गंदगी व अन्य खामियों पर एलजी वीके सक्सेना ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड (डीयूएसआईबी) के सीईओ के. महेश का ट्रांसफर दिया है। वर्तमान में समाज कल्याण विभाग में सचिव गरिमा गुप्ता को डूसिब का प्रभार दिया गया है, महेश के खिलाफ आगे की कार्रवाई पर भी विचार किया जा रहा है। के. महेश को स्पेशल डायरेक्टर के रूप में यूनियन टेरेटरी सिविल सर्विसेज (यूटीसीएस) में भेजा गया है। एलजी दफ्तर से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह कार्रवाई नौकरशाही को एक स्पष्ट एवं मजबूत संदेश है कि या तो काम करो या हट जाओ। इससे पहले एलजी सक्सेना ने गत 23 दिसंबर को कश्मीरी गेट और यमुना बाजार इलाके के रैन बसेरों का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्होंने पाया था कि इन रैन बसेरे में सिर्फ 600 बेड्स की व्यवस्था है जबकि यहां कड़ाके की ठंड में हजारों लोग फुटपाथ पर खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर हैं। इस दौरान एलजी ने शौचालयों में सुविधाओं की कमी पर भी नाराजगी जताई थी। इससे यमुना तो प्रदूषित हो ही रही है साथ ही इससे इन लोगों के लिए भी स्वास्थ्य का एक गंभीर जोखिम है। के. महेश 31 मई 2022 को डूसिब सीईओ बने थे और जून 2022 में उन्हें डीडीए की भूमि से सटे जेलोरवाला बाग में झुग्गीवासियों को पर्याप्त अस्थायी शौचालय की सुविधा प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।